अध्याय 1

मज़बूत, ईश्वर का भय मानने वाले अगुवों की आवश्यकता

जब पौलुस ने तीतुस की पत्री लिखना आरंभ किया, तो उसने अपनी ईश्वरीय नियुक्ति के बारे में कहा (1:1-4)। उसके बाद उसने ईश्वर का भय मानने वाले अगुवों के बारे में चर्चा किया (1:5-9) और इसका विश्लेषण किया कि झूठे शिक्षकों के मुँह बन्द करने की आवश्यकता क्यों है (1:10-16)।

इफिसुस में तीमुथियुस और क्रेते पर तीतुस जिन चुनौतियाँ का सामना कर रहे थे वे एक जैसे हैं, लेकिन उनमें भिन्नता भी है। उदाहरण के लिए, इफिसुस की कलीसिया में पहले से अगुवे थे (प्रेरितों. 20:17), जबकि क्रेते की अधिकांश कलीसियाओं में अगुवे नहीं थे (देखें तीतुस 1:5)। इसके साथ ही, हम यह देखते हैं कि इफिसुस की तुलना में क्रेते में झूठी शिक्षा का दबाव भिन्न था। संभवतः सबसे महत्वपूर्ण भिन्नता इस बात में था कि ये लोग इस झूठी शिक्षा की चुनौतियों का सामना कैसे करते हैं। व्यक्तिगत् रूप से तीमुथियुस को "कुछ लोगों को आज्ञा दे[ना था] कि [वे] अन्य प्रकार की शिक्षा न दें" (1 तीमु. 1:3), जबकि तीतुस को झूठे शिक्षकों का मुँह बन्द रखने की क्षमता रखने वाले अगुवों की नियुक्ति करने के लिए कहा गया था।[1]

पौलुस का अभिवादन (1:1-4)

[1]पौलुस की ओर से जो परमेश्वर का दास और यीशु मसीह का प्रेरित है, परमेश्वर के चुने हुए लोगों के विश्वास और उस सत्य की पहिचान के अनुसार जो भक्ति के अनुसार है, [2]उस अनन्त जीवन की आशा पर जिसकी प्रतिज्ञा परमेश्वर ने, जो झूठ बोल नहीं सकता सनातन से की है, [3]पर ठीक समय पर अपने वचन को उस प्रचार के द्वारा प्रगट किया, जो हमारे उद्धारकर्ता परमेश्वर की आज्ञा के अनुसार मुझे सौंपा गया। [4]तीतुस के नाम, जो विश्वास की सहभागिता के विचार से मेरा सच्चा पुत्र है: परमेश्वर पिता और हमारे उद्धारकर्ता मसीह यीशु की ओर से तुझे अनुग्रह और शान्ति मिलती रहे।

आज, यदि हम तीतुस को पत्री भेजते तब हम "प्रिय तीतुस" संबोधन के साथ

प्रारंभ करते और अंत में हस्ताक्षर करके समाप्त करते। नये नियम काल की पत्रियों का प्रारूप भिन्न था। आरंभ में लेखक का नाम, पत्रियां जिनको संबोधित किया जा रहा है उनके नाम, और फिर अभिवादन लिखा जाता था। पौलुस ने तीतुस के नाम पत्री में इसी प्रारूप का अनुमोदन किया है।

इस पत्री का अभिवादन (1:1-4) एक बड़ा वाक्य है और यह पौलुस के पत्रियों में सबसे लम्बा वाक्य है: मूल भाषा में यह पैंसठ शब्दों का अभिवादन है। इसके अलावा उसके पत्रियों में केवल रोमियों एंव गलातियों की पत्रियों की अभिवादन वाक्य ही सबसे लम्बे हैं।

आयत 1. पौलुस अपना परिचय स्थापित करते हुए आरंभ करता है। यह उन लोगों के लिए लाभ के लिए था जिनके साथ तीतुस कार्य कर रहा था।

सर्वप्रथम, उसने अपनी पहचान **पौलुस की ओर से जो परमेश्वर का दास**[2] **है,** के रूप में कराया है। एक "दास" (δοῦλος, *डूलोस)* गुलाम था;[3] 1 तीमुथियुस 6:1 में *डूलोस* का अनुवाद "दास" किया गया है और तीतुस 2:9 में भी "दास" ही अनुवाद किया गया है। दास प्रथा की नकारात्मक प्रभाव के कारण कई अनुवादों में *डूलोस* का अनुवाद अंग्रेजी में "servant" किया गया है। हमारे कानों को "दास" शब्द अच्छा नहीं लगता है, क्योंकि यह "हमारे मन में *अनिच्छुक सेवा* और *कठोर व्यवहार"* का विचार उत्पन्न करता है।[4] यद्यपि, पौलुस एक ऐच्छिक दास था जिसने अपना मन और प्राण परमेश्वर की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था।[5] "दास" नम्रता का शब्द है।

इसके बाद पौलुस ने अपनी पहचान **यीशु मसीह का प्रेरित** किया है। वह अन्य जातियों के लिए परमेश्वर का विशिष्ट प्रेरित था (प्रेरितों. 9:15; रोमियों 11:13)। "प्रेरित" (ἀπόστολος, *अपोसटोलोस* [6]) अधिकार भरा शब्द है। पौलुस का अधिकार उसका ज्ञान या प्रशिक्षण या यहाँ तक कि उसके भक्तिपूर्ण जीवन से नहीं है। यह तो उसे "यीशु मसीह" से दिया गया है।

"दास" और "प्रेरित" दोनों शब्द जिम्मेदारी के लिए भी प्रयोग किए गए हैं। पौलुस मसीह के प्रति उत्तरदायी था और मसीह ने उसे एक भारी जिम्मेदारी दे रखा था।

पौलुस को **परमेश्वर के चुने हुए लोगों के विश्वास**[7] **और उस सत्य की पहिचान के अनुसार जो भक्ति के अनुसार है**, के लिए चुना गया था। "अनुसार" यूनानी शब्द κατά *(काटा)* का अनुवाद है। इस आरंभिक वाक्य में *काटा* का प्रयोग चार बार किया गया है और इसका अनुवाद "के अनुसार" किया गया है (1:1), "अनुसार" (1:1, 3), और "ओर से" (1:4)। यहाँ इसका अर्थ "उद्देश्य के लिए" है।[8] यीशु ने पौलुस को वचन का प्रचार करने के लिए नियुक्त किया था ताकि इसके द्वारा न केवल अविश्वासियों में विश्वास जागृत हो बल्कि वे भी इससे लाभांवित हों जो पहले से मसीही थे: जो "परमेश्वर के चुने हुए" कहलाते हैं।

"परमेश्वर के चुने हुए" ("chosen of God") के बजाय कई अन्य अनुवादों में "God's elect" ("परमेश्वर के चुने हुए") पाया जाता है (देखें KJV; NKJV; NRSV; ESV; NIV)। जो "चुने गए" (ἐκλεκτός, *एक्लेक्टोस)* हैं वे प्रभु के

शिष्य, कलीसिया है (देखें 2 तीमु. 2:10)। जब पौलुस ने "परमेश्वर के चुने हुए" ("chosen of God" या "God's elect") कहा तो वह कोई धर्मवैज्ञानिक वक्तव्य नहीं दे रहा था; बल्कि यह तो परमेश्वर के आज्ञाकारी लोगों की पहचान करने का उसका सामान्य तरीका था। "'चुना हुआ' शब्द पूर्वनिर्धारित सिद्धांत की अवधारणा पर जोर देने के लिए नहीं प्रयोग किया गया है बल्कि इसका प्रयोग परमेश्वर के लोगों की पहचान करने के लिए किया गया है।"[9] परमेश्वर ने उनको "चुना" है जो उसका अनुकरण करना चाहते हैं।

पौलुस को न केवल परमेश्वर के चुने हुए लोगों के लिए विश्वास का प्रेरित नियुक्त नहीं किया गया था बल्कि उसको "सत्य की पहचान" का प्रेरित भी नियुक्त किया गया था।[10] यूनानी शब्द जिसका अनुवाद "पहचान" (ἐπίγνωσις, *एपिग्नोसिस)* किया गया है वह "सम्पूर्ण ज्ञान" की ओर संकेत करता है।[11] क्रेते के मसीहियों को विश्वास और ज्ञान दोनों की आवश्यकता थी। ये दोनों एक दूसरे से नहीं अलग किए जा सकते थे (देखें रोमियों 10:17)। "सुसमाचार को व्यवहारिक रूप से कार्यरूप में लाने के लिए उस पर विचार किया जाना आवश्यक है।"[12]

यह केवल सामान्य ज्ञान नहीं था, बल्कि "सत्य की पहचान," अर्थात् परमेश्वर के वचन की सच्चाई था (यूहन्ना 17:17)। यह सत्य "जो भक्ति के अनुसार" है,[13] यह सत्य जिसका परिणाम "परमेश्वर का भय मानने वाला जीवन होता है" (Phillips)।

आयत 2. भक्तिमय जीवन जीने के लिए हमारी अभिप्रेरणा क्या है? आगे पौलुस ने एक प्राथमिक प्रेरणादायक बात संदर्भित किया है: **उस अनन्त जीवन की आशा पर जिसकी प्रतिज्ञा परमेश्वर ने, जो झूठ बोल नहीं सकता सनातन से की है।** "आशा" (ἐλπίς, *एलपीस)* महत्वकांक्षी इच्छा को संदर्भित नहीं करता है, बल्कि भरोसेमंद अपेक्षा या पूर्वानुमान है।[14] हम किस बात की ओर देख रहे हैं? "अनंत जीवन।" चूँकि वास्तविक "जीवन" का तात्पर्य परमेश्वर के साथ होना है, अतः "अनंत जीवन" का तात्पर्य सनातन के लिए परमेश्वर के साथ होना है।

हम अपने "अनंत जीवन की आशा" के प्रति कैसे निश्चित हो सकते हैं? "जिसकी प्रतिज्ञा परमेश्वर ने, जो झूठ नहीं बोल सकता है, सनातन से की है।" शैतान झूठ बोलता है (यूहन्ना 8:44), और लोग झूठ बोलते हैं (तीतुस 1:12); परंतु परमेश्वर झूठ नहीं बोल सकता है क्योंकि झूठ उसके स्वभाव के विपरीत है (इब्रा. 6:18)।[15] परमेश्वर ने "सनातन से" - अक्षरशः "अनंतता से पहले" (πρὸ χρόνων αἰωνίων, *प्रो ख्रोनोन आयोनियन)* की प्रतिज्ञा की।[16] कभी-कभी अनंतकाल में, इससे पहले कि संसार की रचना हुई और "समय प्रारंभ हुआ" (NKJV), हमारे "सच्चे परमेश्वर"[17] ने अनंत जीवन[18] की प्रतिज्ञा की है। यह सबसे प्राचीन प्रतिज्ञा है जिसके बारे में हम जानते हैं।

आयत 3. तब, **ठीक समय पर** प्रतिज्ञा **प्रगट किया गया।** "ठीक" शब्द यूनानी शब्द ἴδιος *(इडियोस)* का अनुवाद है, जो यहाँ पर "उचित, विशिष्ट कार्य के लिए समर्पित" के लिए प्रयोग किया गया है।[19] καιρός *(काइरोस)* का अनुवाद

"समय" किया गया है, जो एक "पक्का, निर्धारित समय" है।[20] "प्रगट किया" φανερόω *(फानेरोओ)*[21] शब्द का अनुवाद है और जिसका अर्थ "प्रगट होना," "रोशनी में लाना, परिचित कराना" इत्यादि है।[22] यह प्रकाशन "ठीक समय पर दिया गया था।" परमेश्वर का अपना समय-सारणी है, और निर्णायक घटनाएं ठीक समय पर प्रगट होती है।[23]

परमेश्वर की प्रतिज्ञा और इससे संबंधित सभी बातें **उसके वचन** की रोशनी में लाया गया है, विशेषकर सुसमाचार की घोषणा (κήρυγμα, *केरुग्मा)* में अर्थात् "जो संदेश प्रचार किया जाता है।"[24] इसके साथ ही पौलुस ने यह भी जोड़ा, **जो हमारे उद्धारकर्ता परमेश्वर की आज्ञा के अनुसार मुझे[25] सौंपा** [πιστεύω, *पिस्टेयूओ* से उद्धृत] **गया।**[26] वह इस बात से हमेशा अचम्भित था कि परमेश्वर ने उसे उस संदेश को प्रचार करने का अवसर प्रदान किया था।

आयत 4. अपनी योग्यता एंव अपनी नियुक्ति की घोषणा करने के पश्चात्, पौलुस अब इस पत्री के प्राप्तकर्ता को संबोधित करने के लिए तैयार थाः **तीतुस के नाम, जो विश्वास की सहभागिता के विचार से मेरा सच्चा पुत्र है।** जैसे पहले भी इस बात पर ध्यान दिया जा चुका है, हम तीतुस के बारे में बहुत थोड़ा जानते हैं; लेकिन जो थोड़ी जानकारियां हमारे पास है वह हमें यह बताती है कि वह पौलुस का एक विश्वसनीय सहकर्मी था।

पौलुस ने उसे अपना "सच्चा पुत्र" संबोधित किया है। प्रेरित ने तीमुथियुस के लिए भी इसी संबोधन सूचक शब्द का प्रयोग किया है (1 तीमु. 1:2)। "बच्चा" (τέκνον, *टेनोन)* या "पुत्र" (NIV) शब्द स्नेह की अभिव्यक्ति हो सकता है। यद्यपि, इससे यह संदेश मिलता है कि संभवतः पौलुस द्वारा उसका हृदय परिवर्तन हुआ था। "सच्चा" (γνήσιος, *ग्नेसियोस)* का अर्थ "वास्तविक" होना है।[27] पौलुस के पुत्र के रूप में तीतुस उसका "वास्तविक" प्रतिनिधि था।

पौलुस का तीमुथियुस और तीतुस को नामित करने में थोड़ी भिन्नता है। उसने तीमुथियुस को "विश्वास में" अपना पुत्र संबोधित किया और तीतुस को "विश्वास की *सहभागिता* में" अपना पुत्र संबोधित किया है। "सहभागिता" (κοινός, *कोइनोस)* जो सहभाज्य या सर्वमान्य हो, का विश्लेषण करता है।[28] यह वही "विश्वास" है जो पौलुस और तीतुस में सामान्य था, वह "विश्वास" जो पौलुस और क्रेते के मसीहियों में सामान्य था, और यह वह "विश्वास" है जो पौलुस और हममें सामान्य है।

हृदय को तरो ताजा करने वाली विचारों के साथ पौलुस, अभिवादन करने के लिए तैयार थाः **पिता परमेश्वर, और हमारे प्रभु मसीह यीशु की ओर से तुझे अनुग्रह, और दया और शान्ति मिलती रहे।**[29] अनुग्रह और शान्ति के संबंध में विलियम हेन्ड्रिकसन ने यह प्रस्ताव रखाः "*अनुग्रह* झरना है और *शान्ति* नदी है जो इस झरना से जारी होता है।"[30]

1:3 में, पौलुस ने परमेश्वर को "हमारे उद्धारकर्ता" कहा है, जबकि 1:4 में उसने मसीह के लिए इसी अभिव्यक्ति का प्रयोग किया है। यह इस तथ्य की अतिरिक्त गवाही है कि पौलुस ने यीशु को ईश्वरत्व का दर्जा प्रदान किया है

(देखें 3:4, 6)।

प्राचीनों को योग्यता पूरा करना चाहिए (1:5-9)

5मैं इसलिये तुझे क्रेते में छोड़ आया था कि तू शेष बातों को सुधारे, और मेरी आज्ञा के अनुसार नगर-नगर प्राचीनों को नियुक्त करे। 6जो निर्दोष और एक ही पत्नी के पति हों, जिन के बच्चे विश्वासी हों, और उनमें लुचपन और निरंकुशता का दोष न हो। 7क्योंकि अध्यक्ष को परमेश्वर का भण्डारी होने के कारण निर्दोष होना चाहिए; न हठी, न क्रोधी, न पियक्कड़, न मारपीट करनेवाला, और न नीच कमाई का लोभी हो, 8पर अतिथि सत्कार करनेवाला, भलाई का चाहनेवाला, संयमी, न्यायी, पवित्र और जितेन्द्रिय हो; 9और वह विश्वासयोग्य वचन पर जो धर्मोपदेश के अनुसार है, स्थिर रहे कि खरी शिक्षा से उपदेश दे सके और विरोधियों का मुँह भी बन्द कर सके।

आयत 5. पौलुस ने तीतुस को कहा, **मैं इसलिये तुझे क्रेते में छोड़ आया था।** स्पष्टतया, पौलुस और तीतुस दोनों ने क्रेते द्वीप में समय व्यतीत किया था; परंतु, किसी कारण वश, तीतुस को शेष बातों को सुधारने के लिए वहाँ छोड़कर, पौलुस, आगे की यात्रा की ओर बढ़ चला। **सुधारने** (ἐπιδιορθόω, *एपिडिओरथू* [31]) के लिए मूल शब्द ὀρθός *(ओर्थोस)* है, जिसका अर्थ "सीधा करना" है। यह शरीर के टेढ़े-मेढ़े अंगों को सुधारने के लिए प्रयोग किए जाने वाले आयुर्विज्ञान शब्द है।[32] NIV1984 में इसके लिए "straighten out" ("सीधा करना") प्रयोग किया गया है। **शेष** (λείπω, *लीपो)* उन बातों की ओर ध्यान आकर्षित करता है जिनमें "कमी रह गई" थी।[33] क्रेते की कलीसिया में बहुत कमियां थीं, जिसमें दृढ़ नेतृत्व क्षमता एंव फल लाने वाले मसीही जीवन सम्मिलित था। अध्याय 2 और 3 क्रेते की कलीसिया की कमियों को पूरा करता है। यद्यपि, सबसे आवश्यक बात **नगर-नगर प्राचीनों को नियुक्त करना था।** यह पौलुस का व्यवहारिक अभ्यास थाः कलीसिया की स्थापना करने के पश्चात्, उसने "हर एक कलीसिया में उन के लिये प्राचीन ठहराए" (प्रेरितों. 14:23)।

"नियुक्ति" यूनानी शब्द καθίστημι *(काथिस्टेमी)* का अनुवाद है, जो ἵστημι (*हिस्टेमी*, "खड़ा करना") और κατά *(काटा)* का संयुक्त रूप है।[34] इसका अर्थ "किसी को किसी पद पर आसीन करना, नियुक्त करना, प्रभारी ठहराना" है।[35] इसी शब्द का प्रयोग प्रेरितों. 6:3 में भी किया गया है, जहाँ प्रेरितों ने कलीसिया से कहा, "इसलिये हे भाइयो, अपने में से सात सुनाम पुरूषों को जो पवित्र आत्मा और बुद्धि से परिपूर्ण हों, चुन लो, कि हम उन्हें इस काम पर ठहरा *[काथीसटेमी]* दें।" उस पाठ में "चुनना" और "ठहराना" (नियुक्त करना) दो अलग-अलग कार्य थेः कलीसिया के सदस्यों को चुनना था और तब प्रेरितों को ठहराना या नियुक्त करना था। तीतुस को अगुवों को चुनने के लिए निर्देशित नहीं किया गया था, बल्कि उनको चुनने के बाद नियुक्त करने के लिए उसे कहा

गया था।[36] जैसे आर्खिबाल्ड थॉमस रॉबर्टसन ने लिखा *काथीसटेमी* "कलीसिया की पसंद पर प्रतिबंध नहीं लगाता है।"[37]

जिनको तीतुस ने नियुक्त करना था वे "प्राचीन" (πρεσβύτερος, *प्रेसबुटिरोस* का बहुवचन) कहलाते थे। जब पौलुस ने तीमुथियुस को कलीसिया के अगुवों की योग्यता बताया, तो उसने उन्हें "अध्यक्ष" कहा (1 तीमु. 3:1, 2)। यहाँ, उसने पहले उन्हें "प्राचीन" कहा (तीतुस 1:5); उसके बाद उसने "अध्यक्ष" शब्द प्रयोग किया (1:7)। "प्राचीन" और "अध्यक्ष" की एक ही भूमिका है। "प्राचीन" शब्द आत्मिक परिपक्वता पर जोर देता है जबकि "अध्यक्ष" शब्द उसकी जिम्मेदारी पर रोशनी डालता है।[38] "प्राचीनों" के लिए बहुवचन प्रयोग किया गया है।[39] आधुनिक कलीसियाई सम्प्रदाय में प्रचलित एकल पासबानी प्रणाली के बारे में नये नियम में कुछ भी नहीं पाया जाता है। जॉन आर. डब्ल्यु. स्टॉट ने लिखा, "परमेश्वर की यह इच्छा थी कि हरेक कलीसिया में अध्यक्षों का एक दल हो . . . एकल पासबानी (जैसे एक व्यक्ति का वाद्यवृंत हो जिसमें संगीतकार सभी वाद्ययंत्रों को बजाता हो) स्थानीय कलीसिया के लिए नये नियम का नमूना नहीं है।"[40]

तीतुस को इन अगुवों को "नगर-नगर में" नियुक्त करना था - अर्थात्, हरेक उन नगरों में जहाँ प्रभु की कलीसिया पाई जाती थी। प्राचीन यूनानी इतिहासकार होमेर ने क्रेते द्वीप में सौ नगरों के बारे में लिखा है।[41] यद्यपि यह अविश्वसनीय है कि प्रथम सदी में हरेक नगर में एक कलीसिया हो, यह एक बहुत भारी काम होगा!

तीतुस को यह कार्य **निर्देशानुसार** करना था। इस संबंध में पहले पौलुस ने मौखिक निर्देश जारी किया था; अब वह इन निर्देशों को लिखित रूप से प्रस्तुत कर रहा है। लिखित निर्देश तीतुस के लिए जितना लाभकारी था, यह उतना ही लाभकारी क्रेते के मसीहियों के लिए भी था।

कुछ लोग इसे डांट या फटकार के रूप में समझते हैं: "जो मैंने तुम्हें करने के लिए कहा था उसे तुमने क्यों नहीं किया?" कुछ लोग यह अनुमान भी लगाते हैं कि तीतुस झूठे शिक्षकों के साथ वाद-विवाद करने में इतने व्यस्त था कि यह उसे उसके प्राथमिक जिम्मेदारी निर्वाहन करने में बाधा पहुँचा रहा था (देखें 3:9)। जहाँ तक संभव हो, यह स्पष्ट है कि तीतुस को ढेर सारे कार्य करने थे, और उसके पास एक सीमित समय था जिसमें उसको ये सारे कार्य पूर्ण करने थे।[42]

आयत 6. हरेक नगर में किस प्रकार के लोगों की नियुक्ति की जानी चाहिए थी? कैसी आत्मिक गुण विकसित करने की आवश्यकता थी? पौलुस ने अगुवों के गुणों की सूची लिखना प्रारंभ किया। यह सूची तीमुथियुस को दिए गए सूची के समान्तर था (1 तीमु. 3:1-7)।[43]

एक सामान्य टिप्पणी के साथ प्राचीनों की योग्यता सूची प्रारंभ होता है: **जो [पुरूष]**[44] **निर्दोष हों**। "निर्दोष हों" एक संयुक्त शब्द (ἀνέγκλητος, *अनेंक्लेटोस)* है जिसका अर्थ "दोष न लगाया जाय"[45] या "निर्दोष"[46] है। यह 1 तीमुथियुस 3:10 में डीकनों के लिए दी गई योग्यताओं में से एक योग्यता है। *अनेंक्लेटोस*

इस बात की मांग नहीं करता है कि कलीसिया के अगुवे को सिद्ध होना चाहिए, लेकिन यह इस बात की मांग करता है कि वह एक सुनामी व्यक्ति हो। उसके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं होना चाहिए। "उसके बारे में समुदाय में किसी बुरी बात की चर्चा नहीं होनी चाहिए।"[47] यह गुण इतना महत्वपूर्ण है कि फिर इसे 1:7 में सम्मिलित किया गया है।

उसके पश्चात् पौलुस ने ईश्वरभक्त पारिवारिक पुरूष की आवश्यकता पर जोर दिया है: "यदि कोई पुरूष" **जो निर्दोष और एक ही पत्नी के पति हों, जिन के बच्चे विश्वासी हों, और उनमें लुचपन और निरंकुशता का दोष न हो**। "एक ही पत्नी के पति" (यथा अर्थ, एक "एक-स्त्री का पुरूष") वही बात है जो हमने 1 तीमुथियुस 3:2 देखा था।

"जिनके बच्चे [τέκνον, *टेकनोन*[48] का बहुवचन] विश्वासी हों" का यथा अनुवाद, "विश्वासी बच्चे" हो सकता है। "विश्वासी" (πιστός, *पिस्टोस)* संज्ञा "विश्वास" (πίστις, *पिस्टीस)* का विशेषण रूप है। सक्रिय संदर्भ में, *पिस्टोस* "विश्वास करना, भरोसा करना" है।[49] जब यह सक्रिय संदर्भ में प्रयोग किया जाता है तो इस शब्द का सामान्य अर्थ जो मसीह पर विश्वास करता है, जो एक मसीही है, है (देखें 1 तीमु. 4:3, 12; 5:16; 6:2)।[50] *पिस्टोस* का प्रयोग निष्क्रिय संदर्भ में जो "विश्वासयोग्य, भरोसे के लायक" के लिए भी किया जा सकता है।[51] यदि तीतुस 1:6 में इसका प्रयोग इसी संदर्भ में किया जाय तो इसका अर्थ "प्रभु के प्रति विश्वासयोग्य" या "उनके पिता की अगुवेपन के प्रति विश्वासयोग्य" हो सकता है। उत्तरकालीन व्याख्या आगे आने वाले शब्दों के साथ मेल खाते हैं। (यद्यपि, इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए, कि यदि एक बच्चा अपने पिता के अगुवेपन की प्रति विश्वासयोग्य है और वह उत्तरदायी अवस्था का है, तो यह अनुमान लगाया जा सकता है कि वह एक मसीही होगा/गी।) AB दोनों संभावित अर्थों का समायोजन करता है: "जिनके बच्चे [प्रशिक्षित और] विश्वासी हैं।"

एक प्राचीन के बच्चों का आचरण ऐसा हो कि जिन पर "लुचपन या विद्रोही होने का आरोप न लगाया गया हो।" यह शब्द पारिवारिक जीवन के सामान्य उतार-चढ़ाव, अच्छे और बुरे दिन के बारे में नहीं है। (कोई भी व्यक्ति सिद्ध नहीं है, इसलिए कोई भी परिवार सिद्ध नहीं है।) बल्कि, "लुचपन" और "विद्रोही" बहुत मजबूत शब्द हैं; ये उन बच्चों का विवरण देते हैं जो नियंत्रण से बाहर हो चुके हैं। "लुचपन" (ἀσωτία, *असोटिया*[52]) "भ्रष्ट आचरण, . . . असभ्य जीवन जीना है।"[53] इस शब्द का क्रिया-विशेषण रूप उड़ाव पुत्र का विश्लेषण के लिए किया गया है जो "जिसने कुकर्म में अपनी सम्पत्ति उड़ा दी" (लूका 15:13)। "विद्रोह" (ἀνυπότακτος, *अनुपोक्टाटोस)*, अधिकार के प्रति समर्पित करने का हठीलापूर्वक इनकार करना है।[54] पहला तीमुथियुस 1:9 में पौलुस ने इस गंदे शब्द का प्रयोग झूठे शिक्षकों के लिए किया है।

"विश्वासी बच्चे होना, जो लुचपन या विद्रोह के दोषी न हो" 1 तीमुथियुस 3:4 में प्राथमिक रूप से वर्णित योग्यता के समान ही है: एक प्राचीन वह है जो

"अपने घर का अच्छा प्रबन्ध करता हो, और अपने बाल-बच्चों को सारी गम्भीरता से अधीन रखता हो।"[55] इसकी आवश्यकता का प्राथमिक कारण अगली आयत में पाया जाता हैः (जब कोई अपने घर ही का प्रबन्ध करना न जानता हो, तो परमेश्वर की कलीसिया की रखवाली कैसे करेगा?)।" एक गौण किंतु महत्वपूर्ण कारण जो इससे जोड़ा जा सकता है वह क्रेते द्वीप से संबंधित हैः क्रेते वासियों को ऐसे अगुवों की आवश्यकता थी जो मसीही पति और पिता का आदर्श प्रस्तुत कर सके।

बहुधा यह प्रश्न पूछा जाता हैः "घर छोड़ने के बाद बच्चों के आचरण के बारे में क्या विचार है?" इस संबंध में स्टॉट के टिप्पणी विचारणीय हैः

> यह पूछना तर्क संगत है कि कब तक बच्चों का विश्वास और आचरण माता-पिता की जिम्मेदारी ठहरेगी। पाठ यह सुझाव प्रस्तुत करता है कि पौलुस के मन में बच्चों का बचपन है। क्योंकि, यद्यपि *टेकना* ("बच्चे") सामान्य रूप से भावी पीढ़ी के लिए प्रयोग किया जा सकता है और कभी-कभी व्यस्कों के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है, लेकिन यह शब्द आमतौर पर जवान बच्चों के लिए प्रयोग किया जाता है जो अभी नाबालिग हैं (अलग-अलग संस्कृति में इस परिभाषा में भिन्नता पाई जा सकती है) और इसलिए यह माना जाना चाहिए कि वे अभी भी अपने माता-पिता के अधिकार के आधीन हैं।[56]

इस बात की आवश्यकता कि एक प्राचीन के बच्चे को "लुचपन या विद्रोह" का दोषी न हो, इस संबंध में कलीसिया को जिस प्रश्न पर विचार करना चाहिए वह यह हैः "क्या किसी व्यक्ति की कोई पारिवारिक समस्या है जो कलीसिया और समाज में उसके प्रभाव को प्रभावित करता है?"

आयत 7. प्राचीनों के सामान्य योग्यता के बारे में पौलुस चर्चा करता है। ये वे गुण हैं जो हरेक मसीही में पाये जाने चाहिए। यह आयत **क्योंकि अध्यक्ष को . . . होना चाहिए** से प्रारंभ होता है। पौलुस ने यहाँ 1 तीमुथियुस 3:2 के भाँति "चाहिए" (δεῖ, *डेई*) शब्द प्रयोग किया है। ये केवल सामान्य सुझाव नहीं है।

उसने "प्राचीन" के बजाय "अध्यक्ष" (ἐπίσκοπος, *एपिसकोपोस)* प्रयोग किया है। अधिकांश लेखक यह मानते हैं कि प्रेरित "कलीसिया में स्पष्ट रूप से एक ही भूमिका को संबोधित कर रहा था।"[57] यद्यपि, कुछ लोग यह मानते हैं कि "प्राचीन" शब्द बहुवचन है (1:5) जबकि "अध्यक्ष" एकवचन है और यह दावा करते हैं कि ये शब्द दो अलग-अलग जिम्मेदारियों को संबोधित करते हैं। वे कई कलीसियाओं के लिए कई प्रेसबिटर के साथ एक बिशप[58] की नियुक्ति को न्यायसंगत ठहराने का प्रयास करते हैं। यह उस परिस्थिति का विश्लेषण करता है जो कालान्तर में नये नियम की कलीसिया संगठन के नमूने से हटकर अलग व्यवस्था के साथ विकसित हुआ था। हेन्ड्रिकसन ने लिखा, "याजकों का अधिपत्य - *कई* 'याजक' और उनका 'याजकीय क्षेत्र,' और जो *एक* 'बिशप' के द्वारा अनुशासित किया जाता है और उनका 'डायोसिस' - पास्त्रीय पत्रियों के विचारधारा से भिन्न है।"[59]

क्यों पौलुस ने आयत 5 में "प्राचीन" (बहुवचन) और आयत 7 में "अध्यक्ष" (एकवचन) कहा? जब किसी कलीसिया के प्राचीन के बारे में बात की जाती है तो उनके लिए बहुचन प्रयोग करना उचित है, लेकिन प्राचीन, सामूहिक रूप से योग्यता की शर्ते पूरी नहीं करते हैं; हरेक व्यक्ति विशेष को व्यक्तिगत् रूप से योग्यता की शर्तें पूरी करनी होगी। इसलिए, जब योग्यता की शर्तें बताई जाती हैं तो एकवचन का प्रयोग अधिक उचित है।

इस आयत का प्रथम शब्द "क्योंकि," यूनानी शब्द γάρ *(गार)* से उधृत है, जो किसी कारण की ओर संकेत करता है।[60] पौलुस यह बताने के लिए तैयार था कि एक प्राचीन का **निर्दोष** होना *क्यों* महत्वपूर्ण थाः उनको **परमेश्वर का भण्डारी** होने के कारण "निर्दोष होना चाहिए।" "भण्डारी" (οἰκονόμος, *ओइकोनोमोस)* शब्द, οἶκος (*ओइकोस*, "घर") और νέμω (*नेमो*, "प्रबंध") शब्दों के संयोजन से बना है। यह "गृह प्रबंधक" को दर्शाता है। प्राचीनों को परमेश्वर के "घर," "कलीसिया" का प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई थी (1 तीमु. 3:15; KJV), और "भण्डारी में यह बात देखी जाती है, कि वह विश्वासयोग्य निकले" (1 कुरिं. 4:2)। किसी दिन प्राचीनों को अपने भण्डारीपन का लेखा देना होगा (इब्रा. 13:17)।

तब पौलुस ने इस बात का विश्लेषण किया कि "निर्दोष" होने में *क्या* सम्मिलित था। आवश्यक योग्यता की सूची में उन बातों की समानता पाई जाती है जिसे हमने 1 तीमुथियुस में देखा था, लेकिन कुछ शब्द भिन्न हैं।

नकारात्मक बातेंः पाँच अवगुण। पौलुस ने उन बातों के साथ प्रारंभ किया जो एक प्राचीन/अध्यक्ष में नहीं पाया जाना चाहिए। एक अध्यक्ष को **हठी नहीं** होना चाहिए। "हठीला," यूनानी शब्द αὐθάδης *(औथाडेस)* शब्द से उधृत है, जिसका अर्थ "स्वयं को प्रसन्न करना है।" यह शब्द αὐτός (आउ*टोस*, "स्वयं") और ἥδομαι (*हेडोमाई*, "प्रसन्न करना") के संयोजन से बना है। इसका अर्थ "जो अपनी इच्छा से अधिकार रखता है, और दूसरों के बारे में सोच विचार नहीं करता है, घमण्डी होकर अपनी इच्छा पूरी करता है," है।[61] आइये हम प्रभु से प्रार्थना करें कि वह दियुत्रिफेस जैसे अगुवों से कलीसिया को बचाए रखे जो "कलीसिया में बड़े बनने की लालसा रखते हैं" (3 यूहन्ना 9; KJV)।

एक अध्यक्ष को **क्रोधी** नहीं होना चाहिए। क्रोधी (ὀργίλος, *ओर्गिलोस)* के लिए मूल शब्द ὀργή, *ओर्गे* ("क्रोध") है।[62] हम सबको "क्रोध में धीमा हो [ना है], क्योंकि मनुष्य का क्रोध परमेश्वर के धर्म का निर्वाह नहीं कर सकता" (याकूब 1:19, 20)।

अगली तीन निषेधाज्ञा 1 तीमुथियुस 3:3 में दिया गया है। **पियक्कड़**, πάροινος *(पारोइनोस)* शब्द का अनुवाद है। एक प्राचीन को उचित निर्णय लेने के लिए सोचने की क्षमता और स्पष्ट तर्क को प्रभावित करने वाली किसी भी बाधा से बचना चाहिए। ***पगनेशियस*** (πλήκτης, *प्लेक्टेस)* मौखिक या शारीरिक रूप से, झगड़ालू व्यक्ति की ओर संकेत करता है। **नीच कमाई का लोभी** (αἰσχροκερδής, *ऐसख्रोकेरडेस)* "धन का लोभी, . . . बेईमानी से लाभ

कमाने वाले" को दर्शाता है।[63] इन नकारात्मक बातों के लिए हम 1 तीमुथियुस 3:5 के प्रश्न को दूसरे तरीके से पूछ सकते हैं: कैसे एक प्राचीन परमेश्वर के घर का प्रबंधन कर सकता है जबकि वह स्वयं अपना प्रबंधन ठीक से न करता हो? एक लतिनी कहावत है, "जब कोई स्वयं अपना अनुशासन नहीं कर रहा है तो उसका दूसरों को अनुशासित करना हास्यास्पद ही होगा।"[64]

आयत 8. *सकारात्मक बातें: छ योग्यताऐं।* आगे पौलुस ने सकारात्मक गुणों का उल्लेख किया है। पहला सूची 1 तीमुथियुस की सूची में भी पाया जाता है: **अतिथि सत्कार** (φιλόξενος, *फिलेक्सेनोस)* करने वाला।[65] AB में इस प्रकार अनुवाद किया गया है "loving and a friend to believers, especially to the strangers and foreigners" (प्रेमी और विश्वासियों के मित्र, विशेषकर परदेशी और विदेशियों के।)।

भलाई का चाहनेवाला (φιλάγαθος, *फिलागेथोस)* से पहले हम अगली योग्यता के बारे में नहीं देख सकते हैं।[66] यूनानी-रोमी साम्राज्य में, *फिलागेथोस* "सम्मानित व जिम्मेदार नागरिक" का विवरण के लिए प्रयोग किया जाता है।[67] यह "शब्द बहुधा अच्छे लोगों के बड़ाई में लिखा जाता था।"[68] यहाँ वर्गीय विचार धारा पाया जाता है। KJV में इसका अनुवाद "a lover of good men" (अच्छे लोगों का प्रेमी) किया गया है, लेकिन इस शब्द में कोई भी और सब चीज जो अच्छी है, निहित है। एक प्राचीन का प्रभाव जो भी अच्छा या भला हो, उसकी ओर दिखाई देना चाहिए। हमें फिलिप्पियों 4:8 पुनः स्मरण कराया गया है: "इसलिये हे भाइयो, जो-जो बातें सत्य हैं, और जो-जो बातें आदरणीय हैं, और जो-जो बातें उचित हैं, और जो-जो बातें पवित्र हैं, और जो-जो बातें सुहावनी हैं, और जो-जो बातें मनभावनी हैं, अर्थात् जो भी सद्गुण और प्रशंसा की बातें हैं उन पर ध्यान लगाया करो।"

तीसरा सकारात्मक गुण **संयमी** (σώφρων, *सोफ्रोन)* है जो 1 तीमुथियुस में भी पाया जाता है; लेकिन वहाँ इस यूनानी शब्द का अनुवाद "बुद्धिमान" ("prudent") किया गया है। एक प्रचीन को संयमी होना है। उसको कार्य करने से पहले सोचना होगा।

आखिरी तीन योग्यताएं जिनको यहाँ सूचीबद्ध किया गया है वे केवल तीतुस की पत्री में ही पाए जाते हैं। **न्यायी** δίκαιος *(डिकाइओस)* होना का तात्पर्य "धर्मी, . . . पक्षपात रहित" होना है।[69] एक प्राचीन का एक दूसरे के साथ व्यवहार पक्षपात रहित होना चाहिए। **पवित्र** (ὅσιος, *होसियोस)* का अर्थ "परमेश्वर को प्रसन्न करना, पवित्र" है।[70] एक प्राचीन का जीवन, परमेश्वर को प्रसन्न करने के लिए समर्पित होना चाहिए। **जितेन्द्रिय** (ἐγκρατής, *एंक्राटेस;* κράτος, *क्राटोस*, "सामर्थ" से उधृत) का अर्थ "भावनाओं, आवेगों, या इच्छाओं को नियंत्रण में रखना है।"[71] NIV में इसके लिए "disciplined" ("अनुशासित") अनुवाद किया गया है। एक प्राचीन को दूसरों के प्रति ("न्यायी"), परमेश्वर के प्रति ("पवित्र") और स्वयं के प्रति ("जितेन्द्रिय") धर्मी ठहरना है।

आयत 9. अब पौलुस ने इस बात पर जोर दिया है कि एक प्राचीन को ईश्वर

भक्त शिक्षक भी होना है। एक कलीसिया के प्रबंधन में कई जिम्मेदारियां शामिल हैं; लेकिन क्रेते द्वीप में अनुभवहीन सदस्यों को झूठे शिक्षकों से सुरक्षित रखने के अलावा और कोई दूसरा अनिवार्य कार्य नहीं था। 1 तीमुथियुस 3:2 में सूचीबद्ध योग्यताओं से यह पता चलता है कि एक प्राचीन में "शिक्षा देने की क्षमता" भी पाई जानी चाहिए। उसी योग्यता का यहाँ विस्तृत विश्लेषण किया गया है।

इससे पहले कि प्राचीन, परमेश्वर के वचन सिखाए, उसे स्वयं इसे सीखना, जानना, और इसके प्रति समर्पित होना होगा। इसलिए, आयत 9 इस प्रकार प्रारंभ होता है, **विश्वासयोग्य वचन पर जो धर्मोपदेश के अनुसार है, स्थिर रहे।** "स्थिर रहे," ἀντέχω *(आनटेखो)* का अनुवाद है, जिसका अर्थ "गहरी लगाव रखना . . . , पकड़े रहना . . . , समर्पित रहना।"[72] *पिस्टोस* का अनुवाद "विश्वासयोग्य" किया गया है, जिसका विश्लेषण यहाँ जो "विश्वासयोग्य" है, किया गया है।[73] वाक्यांश "विश्वासयोग्य शब्द" पर विशेष जोर दिया जाना आवश्यक है। हम बाइबल पर भरोसा कर सकते हैं। क्योंकि यह परमेश्वर से आया है और "परमेश्वर के जन को" उसके "शिक्षा देने," "सुधारने," और "धर्म की शिक्षा के लिए लाभदायक है" (2 तीमु. 3:16, 17)। यह "विश्वासयोग्य शब्द" **धर्मोपदेश के अनुसार था** - पौलुस का क्रेते एंव अन्य स्थानों में दिए गए उपदेश था। इस आयत में "शिक्षा" (διδαχή, *डिडाखे)* शब्द प्राथमिक रूप से "सिद्धांत" (διδασκαλία, *डिडासकालिया)* ही है।[74]

एक प्राचीन को वचन थामें रहना था क्योंकि उनकी दोहरी जिम्मेदारी थीः उनको **खरी शिक्षा से उपदेश दे[ना]; और विवादियों का मुँह भी बन्द कर[ना]** था। यहाँ "उपदेश दे" (παρακαλέω, *पाराकालेओ)* का अर्थ जो उचित कार्य करते हैं, उनको सान्तवना देना, उत्साहित करना, और दृढ़ करना[75] है। यह "खरी उपदेश" देने के द्वारा किया जाना चाहिए था।

एक प्राचीन को "विवादियों का मुँह भी बन्द करने" के लिए भी तैयार रहना चाहिए था। "विवादी," ἀντιλέγω *(आंटिलेगो)* शब्द का अनुवाद है, जो ἀντί (*आंटि*, "विरूद्ध") और λέγω (*लेगो*, "बोलना") के संयोजन से बना है। इसका अर्थ "विरूद्ध में बातें करना" है, जैसे कुछ सदस्य (निस्संदेह जो झूठे शिक्षकों द्वारा प्रभावित हुए होंगे) खरी शिक्षा के विरूद्ध बोल रहे थे। उनका मुँह बन्द करना आवश्यक था। "मुँह बन्द करना" (ἐλέγχω, *एलेंखो),* उनका "विरोध जताने का भाव प्रस्तुत करता है"[76]; लेकिन यहाँ, इसका उद्देश्य संभवतः "किसी को उसके गलत कार्यों को पहचानने के लिए निरूत्तर करना है।"[77] एक प्राचीन से झूठी शिक्षा ठीक करने की अपेक्षा की जाती है।[78]

प्राचीनों को झूठे शिक्षकों के मुँह बन्द करने चाहिए (1:10-16)

[10]क्योंकि बहुत से लोग निरंकुश बकवादी और धोखा देने वाले हैं; विशेष करके खतना वालों में से। [11]इन का मुँह बन्द करना चाहिए: ये लोग नीच कमाई के लिये अनुचित बातें सिखा कर घर के घर बिगाड़ देते हैं। [12]उन्हीं में से एक जन

ने जो उन्हीं का भविष्यवक्ता है, कहा है, कि क्रेती लोग सदा झूठे, दुष्ट पशु और आलसी पेटू होते हैं। 13यह गवाही सच है, इसलिये उन्हें कड़ाई से चितौनी दिया कर, कि वे विश्वास में पक्के हो जाएं। 14और वे यहूदियों की कथा कहानियों और उन मनुष्यों की आज्ञाओं पर मन न लगाएं, जो सत्य से भटक जाते हैं। 15शुद्ध लोगों के लिये सब वस्तु शुद्ध हैं, पर अशुद्ध और अविश्वासियों के लिये कुछ भी शुद्ध नहीं: वरन उन की बुद्धि और विवेक दोनों अशुद्ध हैं। 16वे कहते हैं, कि हम परमेश्वर को जानते हैं: पर अपने कामों से उसका इन्कार करते हैं, क्योंकि वे घृणित और आज्ञा न मानने वाले हैं: और किसी अच्छे काम के योग्य नहीं।

आयतें 10, 11. आयत 10 संयोजन सूचक शब्द **क्योंकि** (γάρ, *गार)* से आरंभ होता है, जो किसी कारण की ओर संकेत करता है। पौलुस ने कहा की झूठे शिक्षकों के मुँह उनके बुरे प्रभाव के कारण बन्द कर देना चाहिएः **बहुत से लोग निरंकुश बकवादी और धोखा देने वाले हैं।** इससे पहले "निरंकुश" (ἀνυπότακτος, *अनुपोटाकटोस)* 1:6 में भी प्रयोग हुआ है, जहाँ NASB में इस शब्द का अनुवाद "rebellion" ("विद्रोह") किया गया है। यह उन लोगों का विश्लेषण करता है जो अधिकार के आधीन नहीं रहना चाहते हैं। नियमानुसार, झूठे शिक्षक किसी के भी उत्तरदायी होने से इनकार करते हैं।

ये लोग "बकवादी" थे। रेखांकित यूनानी शब्द ματαιολόγος *(माटाइओलोगोस)*, μάταιος (*मटाइओस*, "फालतू, खाली, बेकार") और λέγω (*लेगो*, "बोलना") के संयोजन से बना है।[79] वे "बेकार की बातें" करने वाले थे।[80] पौलुस यह नहीं कह रहा था ये लोग प्रभावरहित वक्ता थे। बल्कि, वह यह निष्कर्ष निकाल रहा था कि वे जो कुछ भी वे कह रहे थे उसका कोई वास्तविक महत्व नहीं था। कि वे प्रभावशाली वक्ता थे इसका प्रमाण अगले विश्लेषणात्मक शब्द में पाया जाता हैः वे "धोखा देने" वाले थे। "धोखा देने वाले" के लिए φρεναπάτης *(फ्रेनापाटेस)* शब्द प्रयोग किया गया है, जो φρήν (*फ्रेन*, "मन") और ἀπατάω (*अपाटाओ*, "धोखा देना") शब्दों के संयोजन से बना है। यथा अर्थ, यह "मन को धोखा देने वाला" चित्रित करता है।[81]

अगला वाक्यांश बड़ा ही महत्वपूर्ण हैः **विशेष करके खतना वालों में से** - अर्थात् यहूदी लोग। एक प्राचीन इतिहासकार के अनुसार, कई यहूदी क्रेते में बस गए थे।[82] इफिसुस की भांति क्रेते के झूठे शिक्षक भी उसी तरह का झूठी शिक्षा फैला रहे थे, लेकिन क्रेते द्वीप में यह "यहूदी स्वभाव" का था (देखें 1:14)।[83]

"मुँह बन्द" करना चाहिए एक "बहुत कम प्रयुक्त क्रिया" ἐπιστομίζω *(एपिस्टोमिजो)* से है, जो मुँह को रोकने के लिए उसपर कुछ बाँधने; "कोई लगाम, मुख बांधने की जाली, या कोई रोकने वाला बंधन"[84] का चित्रण करती है। शब्द "दुष्ट पशु," के संदर्भ में, जो 1:12 में प्रयोग हुआ है "मुख बाँधने की जाली" का विचार सबसे उपयुक्त लगता है।[85] जंगली पशुओं को बहुधा मुँह पर जाली लगा कर रखा जाता है जिससे वे काट न सकें, और कभी-कभी उन्हें शान्त रखने के लिए भी। इफिसुस में झुण्ड पर "फाड़ खाने वाले भेड़ियों" ने हमला

किया था (प्रेरितों 20:29; 1 तीमु. 1:3), और क्रेते में "दुष्ट पशु" युवा मसीहियों को धमका रहे थे। उनके मुँह को बाँधना अनिवार्य था! यह मुँह बाँधना, मुँह पर हाथ रखना या कुत्तों के मुँह की जाली का प्रयोग करना नहीं था, वरन परमेश्वर के वचन का भरपूरी से प्रयोग करना था।[86]

ऐसा शीघ्रता से करने की क्या आवश्यकता थी? पौलुस ने कहा **क्योंकि, ये लोग घर के घर बिगाड़**[87] देते हैं। पहली शताब्दी में, मंडलियाँ अधिकांशतः घरों में एकत्रित होती थीं (उदाहरण के लिए देखें रोमियों 16:5)। प्राचीनों के अभाव में, झूठे शिक्षकों के लिए यह सरल होता कि वे इन अनौपचारिक आराधना सभाओं में घुस आएँ और गड़बड़ उत्पन्न करें। वे चाहे परिवार के एक सदस्य को भटका दें, या परिवार के सभी सदस्यों को, पूरा परिवार ही बिगड़ जाता। कलीसिया पर इसका प्रभाव विनाशकारी होता।

ये शिक्षक **नीच कमाई के लिये अनुचित बातें सिखाते** थे। जिस शब्द का अनुवाद "नीच कमाई" (αἰσχρός, *एसक्रोस)* हुआ है, उसमें "सामाजिक या नैतिक रीति से अस्वीकार्य, लज्जाजनक, नीच"[88] होना सम्मिलित है। यह "अनुचित लाभ" (NKJV) के लिए भी प्रयुक्त हो सकता है। यूनानी इतिहासकार पौलीबियुस (c.200-118 ई.पू.) ने लिखा "संसार में क्रेती ही एकमात्र ऐसे लोग हैं जिनकी दृष्टि में लाभ ना कमाना अपमानजनक होता है।"[89] परन्तु संभवतः इसका अर्थ यह था कि वे (जैसा हम कह सकते हैं) "पैसे के लिए प्रचार" कर रहे थे।[90]

उस समय के सामान्य नागरिक को इसमें कोई बुराई दिखाई नहीं देती। घुमक्कड़ प्रचारक सारे देश में इधर से उधर फिरते रहते थे, अपने "ज्ञान के शब्दों" के लिए बहुत अधिक शुल्क लेते थे। क्रेते में इसका परिणाम था "मंडलियों में धोखा खाए हुए लोग जो धोखा खाने के लिए पैसे चुकाते थे" होने का दुखदायी दृश्य।[91] इस परिस्थिति का विवरण देने के लिए पौलुस के पास "नीच कमाई" शब्द ही थे। तीमुथियुस को अपनी पहली पत्री में उसने ऐसे मनुष्यों "जिन की बुद्धि बिगड़ गई है और वे सत्य से विहीन हो गए हैं" (1 तीमु. 6:5) के विषय कहा। अफसोस, यह आज भी सत्य है कि स्व-नियुक्त और अपने ही लाभ की चिंता करने वाले "आत्मिक चरवाहे" "झुण्ड को मूढ़ने"[92] में अधिक रुचि रखते हैं न कि "झुण्ड को खिलाने" में।

आयत 12. यह तथ्य कि उनमें से कुछ "अनुचित बातें" (1:11) सिखा रहे थे, उनके मुँह बन्द करने के अगले कारण का परिचय करवाता है: उन "दुष्ट पशुओं" का मुँह उनकी बुरी शिक्षाओं के कारण, बाँधा जाना चाहिए था। वे "सत्य से भटक गए थे" (1:14)। पौलुस ने लिखा, **और यहूदियों की कथा कहानियों और उन मनुष्यों की आज्ञाओं पर मन न लगाएँ, जो सत्य से भटक जाते हैं।** ये शब्द एपीमेंनिदेस के हैं, जो एक यूनानी कवि था और लगभग 600 ई.पू. में का था।[93] पौलुस ने उसे "परमेश्वर का भविष्यद्वक्ता" नहीं कहा। वरन यह कि क्रेते के निवासियों के द्वारा वह "भविष्यद्वक्ता" कहा जाता था।

क्रेते के निवासियों के संबंध में एपीमेंनिदेस का विवरण तीतुस के समक्ष

विद्यमान अभिभूत कर देने वाली चुनौती का सूचक है। "क्रेते के लोगों से अधिक ख़राब और किसी का नाम नहीं था।"[94] कवि ने पहले दावा किया कि "क्रेती लोग सदा झूठे होते हैं।" क्रेते के निवासी अपने कपटी होने के लिए कुख्यात थे। यूनानी साहित्य में, "क्रेती होना" (Κρητίζω, *क्रेत्जो)* का अभिप्राय था "झूठा होना।"[95] बाद के यूनानी कवि ने पंक्ति "क्रेती लोग सदा झूठे" का उद्धरण किया और इसके उदाहरणस्वरूप उनके दावे, कि यूनानी देवता ज़्यूस उनके टापू पर दफनाया गया है को प्रयोग किया।[96] जहाँ तक समाज का संबंध है, ऐसा कोई भी व्यक्ति जो "अमर देवता" की बात करे और फिर बड़ी निष्ठा के साथ कहे कि "वह यहाँ पर दफनाया गया है," विश्वास करने के योग्य कदापि नहीं था।

इसके बाद कवि ने कहा कि क्रेती "दुष्ट पशु" होते हैं। इसके लिए CEV में आया है, "जंगली जानवर," और NRSV में "खूंखार जानवर।" "दुष्ट" (κακός, *ककोस)* होने का अर्थ है "नैतिकता में निन्दनीय" होना, साथ ही "हानिकारक" तथा "खतरनाक" भी होना।[97] शब्द "पशु" (θηρίον, *थेरियों)* को आलंकारिक रूप में ऐसे व्यक्ति के लिए प्रयोग किया जाता है जिसका स्वभाव "पशु समान" हो, जो "दैत्य"[98] समान हो। क्रेते के निवासी खूंखार पशुओं के स्तर से ऊपर नहीं उठे थे। उन्होंने अपने पशु समान स्वभाव को नियंत्रित करने के कोई विशेष प्रयास नहीं किए थे।

इसके पश्चात एपीमेंनिदेस ने उन्हें "आलसी पेटू" कहा, जिसका शब्दार्थ है "निकम्मे पेटू" (γαστέρες ἀργαί, *गैसटेरेस अर्गाए)*।[99] *पेटू* होने के कारण वे कभी संतुष्ट नहीं होते थे, सदा और अधिक पाने ही की लालसा करते रहते थे। *आलसी* होने के कारण वे अपनी उन लालसाओं के लिए कोई परिश्रम नहीं करना चाहते थे। इसलिए और अधिक प्राप्त करने के लिए वे झूठ बोलने और धोखा देने की सहायता से और अधिक प्राप्त करने का प्रयास करते थे।

आयतें 13, 14. पौलुस ने आगे कहा, **यह गवाही सच है** - दूसरे शब्दों में, "तुम्हारे 'भविष्यद्वक्ता' ने जो कहा मैं उसके साथ सहमत हूँ।" वह यह भी जोड़ सकता था कि इस कवि को यह कहे हुए "छः सौ वर्ष बीत गए हैं परन्तु उसकी बातें आज भी सही हैं।"

इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि पौलुस क्रेते के प्रत्येक निवासी को दोषी नहीं ठहरा रहा था। अन्ततः मसीही भी तो वहाँ रहते थे। मानने की बात है कि उनमें से कुछ तो वैसे रह रहे होंगे जैसा मसीहियों को रहना चाहिए। पौलुस का ध्यान झूठे शिक्षकों पर था। उसने तीतुस से कहा, **इसलिये** [क्योंकि वे ऐसे हैं] **उन्हें** [अर्थात वे जो झूठे शिक्षक तथा उनसे प्रभावित लोग हैं] **कड़ाई से चेतावनी दिया कर।**

ऐसा क्यों? **कि वे विश्वास में पक्के हो जाएं।और वे यहूदियों की कथा कहानियों और उन मनुष्यों की आज्ञाओं पर मन न लगाएं, जो सत्य से भटक जाते हैं।**

तीतुस को ऐसे प्राचीन नियुक्त करने थे जो सत्य के विरोधियों की गलतियों को उजागर कर सकें (1:9), साथ ही उसका व्यक्तिगत दायित्व भी था। उसे उन्हें

"कड़ाई से चेतावनी" भी देनी थी। "चेतावनी देना" ἐλέγχω *(एलेन्चो)* से है, जिसका अर्थ होता है "किसी की क्रियाओं की तीव्र भर्त्सना व्यक्त करना।"[100] जिस शब्द का अनुवाद "कड़ाई से" (ἀποτόμως, *अपोटोमोस)* हुआ है, उसका शब्दार्थ है "ऐसे जैसे काटता है" (जो कि ἀπό [*अपो,* "से"] और τέμνω [*टेम्नो,* "काटना"] से है)।[101] यह बल लगा कर किए गए किसी कार्य को चित्रित करता है। इसके लिए KJV में "तीखेपन" से आया है। तीतुस को "आत्मा की तलवार जो परमेश्वर का वचन है" (इफि. 6:17) की काटने वाली पैनी धार का प्रयोग करना था।

इससे यह संकेत नहीं मिलता है कि तीतुस का उद्देश्य झूठ के शिक्षकों का नाश करना था। वरन उसे उन्हें "कड़ाई से चेतावनी" देनी थी जिससे "कि वे विश्वास में पक्के हो जाएँ।"[102] उसे उन्हें मात्र शान्त ही नहीं करना था; उसे उन्हें परिवर्तित करने का प्रयास भी करना था। परमेश्वर अभी भी उनके परिवर्तन में रुचि रखता था और उनकी स्थिति को आशाहीन नहीं समझता था।

झूठ के शिक्षकों को "विश्वास में पक्के" होना था, और "यहूदियों की कथा कहानियों और मनुष्यों की आज्ञाओं पर मन नहीं लगाना था।" "यहूदियों की कथा कहानियों" में रब्बियों द्वारा बनाई गई काल्पनिक वंशावलियां भी सम्मिलित थीं। क्रेते में सिखाई जाने वाली गलत शिक्षाओं में यहूदी धारणाओं का बहुत भाग था (1:10; देखें 3:9)। परमेश्वर के वचन में किए गए यहूदी संशोधनों के अतिरिक्त "मनुष्यों की आज्ञाएँ" भी थीं: विवाह वर्जित करने तथा कुछ भोजन वस्तुओं के निषेध के नियम (1 तीमु. 4:3; देखें कुलु. 2:20-23)। इन्हें NEB "मात्र मानवीय उद्भव के नियम" कहती है (देखें मत्ती 15:9)।

"यहूदियों की कथा कहानियों और मनुष्यों की आज्ञाओं" की ओर फिरने का परिणाम क्या था? झूठे शिक्षकों ने अपने आप को ऐसे व्यक्ति प्रदर्शित किया "जो सत्य से भटक जाते हैं।"[103] "सत्य" परमेश्वर के वचन बाइबल का व्यापक सत्य है (यूहन्ना 16:13; 17:17)।[104] यीशु ने अपने अनुयायियों से कहा, "तुम सत्य को जानोगे, और सत्य तुम्हें स्वतंत्र करेगा" (यूहन्ना 8:32)। जो भी सत्य से भटक जाता है वह पाप की तानाशाही में लौट जाता है।

आयतें 15, 16. अन्ततः क्रेते के "दुष्ट पशुओं" के मुँह को उनके बुरे चरित्र के कारण बांधना था। उन शिक्षकों के अरुचिकर स्वभाव से हमारा परिचय 1:12 में करवाया गया था; परन्तु अब उस आरंभिक विवरण का और विस्तार किया गया।

आयतों का आरंभ एक कहावत की अभिव्यक्ति के साथ होता है: **शुद्ध लोगों के लिये सब वस्तुएं शुद्ध हैं,**[105] **पर अशुद्ध और अविश्वासियों के लिये कुछ भी शुद्ध नहीं।** बहुत से व्याख्याकर्ता विचार रखते हैं कि यह कथन मांस खाने के संबंध में यीशु द्वारा दी गई शिक्षा से संबंधित है (देखें मत्ती 7:19; लूका 11:38-41)। ऐसा चाहे हो या न हो, अधिकांश इस बात में सहमत हैं कि यह मुख्यतः औपचारिक स्वच्छता/शुद्धता से संबंधित है।

पौलुस के कथन को उसके संदर्भ से बाहर लेकर उसे एक अन्य सामान्य कहावत का रूप दिया जा सकता है: "जीवन में आप वही देखते हैं जो आप देखना

चाहते हैं।" इसका चित्रण फूलों पर रस के लिए मंडराने वाले छोटे पक्षी और गिद्ध के उदाहरण से किया जा सकता है। वह पक्षी फूलों को ढूँढता है और उन्हें पा लेता है, गिद्ध मरी हुई लोथ को ढूँढता है और उसे पा लेता है। हम इस विचार में विद्यमान सत्य को अपने जीवन में भलाई ढूँढना सीखने के लिए लागू कर सकते हैं (फिलि. 4:8)। परन्तु कुछ इसे भक्तिहीनता को न्यायसंगत ठहराने के लिए प्रयोग करते हैं। यदि कोई ऐसे लोगों से अश्लील पुस्तकों को न पढ़ने या अश्लील सिनेमा को न देखने के लिए कहता है, तो उनका प्रत्युत्तर होता है कि "क्योंकि आपका मन मलिन है इसलिए आपको यह अश्लील लग रहा है; आखिरकार, 'शुद्ध लोगों के लिये सब वस्तुएं शुद्ध हैं'!" किन्तु एक शुद्ध मन स्याह को श्वेत, कड़वे को मीठा, और मलिन को स्वच्छ में परिवर्तित नहीं कर सकता है।

यह 1:15 का सन्देश उन झूठे शिक्षकों को संबोधित था जो "अशुद्ध और अविश्वासी" थे। इस आयत के पहले भाग का भावात्मक अनुवाद कुछ इस प्रकार से किया जा सकता है:

> शुद्ध लोगों के लिए सब वस्तुएँ शुद्ध हैं [सब वस्तुएँ अर्थात वे सब जिन्हें परमेश्वर ने शुद्ध ठहराया है, जैसे कि विवाह और भोजन[106]; परन्तु जो अशुद्ध और अविश्वासी हैं [जैसे कि झूठे शिक्षक थे] उनके लिए कुछ भी शुद्ध नहीं है [विवाह और भोजन या अन्य वस्तुएँ जिन्हें परमेश्वर ने "शुद्ध" ठहराया है]।

यहाँ "अविश्वासी" (ἄπιστος, *अपिस्तोस)*[107] से तात्पर्य उनसे है जो शुद्ध और अशुद्ध के विषय परमेश्वर की शिक्षाओं पर विश्वास करने से इनकार करते हैं। "अशुद्ध" (μιαίνω, *मिऐनो)* "नैतिक मलिनता" के लिए है।[108] यह नैतिक शुद्धता या स्वच्छता का विलोम है। वे शिक्षक किस प्रकार से "मलिन" या अशुद्ध थे? निःसंदेह, उनके जीवन अशुद्ध थे, परन्तु पौलुस उनकी अशुद्धता के स्रोत के विषय चिन्तित था: **वरन उन की बुद्धि और विवेक दोनों अशुद्ध हैं।** बुद्धि (νοῦς, *नोउस)* वह है जिसे हम विचार करने के लिए प्रयोग करते हैं,[109] जबकि विवेक (συνείδησις, *सुनेइडेसिस)* हमें बताता है कि क्या सही है और क्या गलत है।[110] जब किसी का "विचार करने वाला" और उसका "नैतिक दिशासूचक" दोनों ही ख़राब हों तो वह गंभीर मुसीबत में है। झूठे शिक्षकों के साथ यही बात थी: उनकी बुद्धि बिगड़ गई थी (1 तीमु. 6:5) और उनका विवेक दागा गया था (1 तीमु. 4:2)। प्रभावी रूप में पौलुस उन से कह रहा था, "ऐसा नहीं है कि विवाह और भोजन अशुद्ध हैं; *तुम* अशुद्ध हो!"

प्रेरित ने अपनी भर्त्सना जारी रखते हुए कहा: **वे कहते हैं कि हम परमेश्वर को जानते हैं।** "कहते हैं" उसी यूनानी शब्द का अनुवाद है जिसका "अंगीकार" (ὁμολογέω, *होमोलोजिओ)* भी अनुवाद है।[111] "जानते" संबंध सूचक शब्द है। झूठे शिक्षक परमेश्वर के साथ एक विशेष संबंध, जैसा किसी अन्य का नहीं था, होने का दावा करते थे। परन्तु उनके होंठ और उनके जीवन इसके अनुरूप नहीं थे: **पर अपने कामों से उसका इनकार करते हैं।** अपने झूठे, विनाशक, स्वार्थी कार्यों के द्वारा वे संसार के समक्ष घोषणा करते थे कि "हम परमेश्वर को *नहीं*

जानते हैं।"

हम "कामों" (ἔργον, *एर्गौन* का बहुवचन) पर विचार करें - जो तीतुस के प्रमुख शब्दों में से एक है, यदि एकमात्र प्रमुख शब्द न भी माना जाए (देखें 2:7, 14; 3:1, 5, 8, 14)। प्रत्यक्षतः, जिस प्राथमिक शिक्षा की क्रेते के मसीहियों को आवश्यकता थी, वह थी कि मसीही होने से उनके जीवनों में भिन्नता आनी चाहिए, उनके *कामों* में। किसी व्यक्ति के लिए यह *कहना* सरल है कि वह परमेश्वर को जानता है; किन्तु उसके जीवन से यह ज्ञान प्रतिबिंबित होना बिलकुल भिन्न बात है। यूहन्ना ने लिखा, "यदि हम उस की आज्ञाओं को मानेंगे, तो इस से हम जान लेंगे कि हम उसे जान गए हैं। जो कोई यह कहता है, कि 'मैं उसे जान गया हूं,' और उस की आज्ञाओं को नहीं मानता, वह झूठा है; और उस में सत्य नहीं" (1 यूहन्ना 2:3, 4)।

पौलुस के यह कहने के पश्चात कि, "अपने कामों से उसका इनकार करते हैं" उसने उनके चरित्र का और विस्तृत वर्णन दिया: **क्योंकि वे घृणित और आज्ञा न माननेवाले हैं, और किसी अच्छे काम के योग्य नहीं।** इससे अधिक प्रबल भर्त्सना की कल्पना करना कठिन है। वे "घृणित" (βδελυκτός, *ब्डेलुकतोस)* व्यक्ति थे जो "घृणा की भावनाओं" को जागृत करते थे;[112] वे *घिनौने* थे। इसके अतिरिक्त वे "आज्ञा न माननेवाले" (ἀπειθής, *एपीथेस)* थे।[113] उन्होंने अपनी इच्छा को परमेश्वर की इच्छा से ऊपर कर लिया था।

इसलिए वे "किसी अच्छे काम के योग्य नहीं" थे। "अयोग्य" मन को आहत करने वाला शब्द है! कोई नहीं चाहता कि उसे "अयोग्य" कहा जाए। यहाँ प्रयुक्त यूनानी शब्द ἀδόκιμος *(अडोकिमोस)*, δόκιμος (*डोकिमोस*, "स्वीकृत") के पहले α *(अ)* लगाकर नकारात्मक करने के द्वारा बना है। यह संकेत करता है उसकी ओर जो किसी भी मूल्यांकन में असफल रहा है और इस कारण तिरस्कृत कर दिया गया है।[114] *अडोकिमोस* का प्रयोग खोटे सिक्के के लिए किया जाता था जो निर्धारित माप से कम निकलता था। इसे उस पत्थर के लिए जिसे राज मिस्त्रियों ने तुच्छ जाना, के लिए भी प्रयोग किया गया है। ऐसे पत्थर को α *(अ)* के द्वारा ἀδόκιμος *(अडोकिमोस)* बताने के लिए चिह्नित किया जाता था, यह कहने के लिए कि वह प्रयोग करने के अयोग्य है।[115] परमेश्वर का वचन व्यक्ति के लिए वह सब कुछ प्रदान करता है जिसकी उसे "हर एक भले काम के लिए" (2 तीमु. 3:16, 17) आवश्यकता है, परन्तु मनुष्यों द्वारा बनाई गई आज्ञाओं का पालन करने से व्यक्ति किसी भी भले काम के लिए अयोग्य हो जाता है।

अनुप्रयोग

योग्य नेतृत्व को तैयार करना (1:5-9)

क्रेते में करने के लिए कार्यों की सूची के शीर्ष पर था प्राचीनों को नियुक्त करना। मण्डली के स्वास्थ्य और बढ़ोतरी के लिए परमेश्वर द्वारा अनुमोदित नेतृत्व से अधिक महत्वपूर्ण बहुत कम आवश्यकताएं हैं। विंस्टन बोल्ट ने 2009 में

1950 से लेकर तब तक मिशन कार्यस्थलों पर स्थापित कई कलीसियाओं का सर्वेक्षण किया, यह देखने के लिए कि कितनों में प्राचीन थे। केवल 3 प्रतिशत में ही थे।[116] पौलुस के अनुसार, जिस मण्डली में योग्य प्राचीन और सेवक (डीकन) नहीं हैं, उसमें कमी है। उसे "शेष बातों को सुधारने" की आवश्यकता है।

योग्य नेतृत्व को विकसित करना प्रत्येक मण्डली की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही इसपर *अविरल* ज़ोर देते रहना चाहिए। जब कलीसिया प्राचीनों और सेवकों (डीकनों) को नियुक्त करती है, तो यह नहीं सोच लेना चाहिए कि "हमने यह तो कर लिया है; अब अपनी सूची के अगले कार्य की ओर बढ़ते हैं।" वरन सदा यह प्रश्न करते रहना चाहिए, "क्या भविष्य में प्राचीन और सेवक [डीकन] बनने के लिए लोग तैयार हो रहे हैं कि नहीं?"

सेवकों (डीकनों) के विषय क्या? (1:5-9)

कोई अचरज कर सकता है कि "तीमुथियुस को लिखी दूसरी पत्री में प्राचीनों और सेवकों (डीकनों) की योग्यताएँ क्यों दी गई हैं, जबकि तीतुस को लिखी पत्री में केवल सेवकों (डीकनों) की योग्यताओं का ही वर्णन है?" संभवतः उत्तर इस तथ्य में निहित है कि सेवकों (डीकनों) का कार्य वहीं संभव है जहाँ प्राचीन (अध्यक्ष) विद्यमान हैं। इफिसुस की मण्डली में प्राचीन पहले से थे, जबकि क्रेते की मंडलियों में से अधिकांश (या किसी में भी) नहीं थे। उन्हें सबसे पहला कार्य जो करना था वह था प्राचीनों को नियुक्त करना। उसके बाद, वे सेवकों (डीकनों) की नियुक्ति कर सकते थे।

"शेष बातों को सुधारे" (1:5)

परमेश्वर को अधूरा कार्य पसन्द नहीं है। तीतुस को जो कुछ शेष रह गया था उसे सुधारना था। सरदीस की कलीसिया से कहा गया, "जागृत हो, और उन वस्तुओं को जो बाकी रह गई हैं, और जो मिटने को हैं, उन्हें दृढ़ कर; क्योंकि मैं ने तेरे किसी काम को अपने परमेश्वर के निकट पूरा नहीं पाया" (प्रका. 3:2)। क्या आपके जीवन में कोई अधूरा आत्मिक कार्य है? या, क्या उस मण्डली में है जिसमें आप सम्मिलित होते हैं? क्या परमेश्वर, तीतुस को लिखी पत्री के द्वारा, हम से कहा रहा है, "जो शेष बातें रह गई हैं उन्हें सुधारो"?

शेष बातें (1:5)

कुशल नेतृत्व परमेश्वर के कार्य के लिए अत्यावश्यक है। पुराने नियम में सबसे कठोर फटकार उन लोगों के लिए है जिन्हें परमेश्वर के लोगों को सही मार्गों पर लिए चलना था परन्तु उन्होंने ऐसा नहीं किया (उदाहरण के लिए देखें यहेज. 34:1-6)। यीशु द्वारा कहे गए सबसे कठोर धिक्कार के शब्द मत्ती 23 में हैं, जहाँ प्रभु ने शास्त्रियों और फरीसियों को संबोधित किया; उन्हें चाहिए था कि परमेश्वर के लोगों को उसके तथा उसके वचन के समीप लाते, परन्तु उन्होंने ऐसा

नहीं किया।

1:5 में पौलुस ने स्पष्ट किया कि प्रभु की कलीसिया जिसमें अगुवे, विशेषकर प्राचीन नहीं हैं, उसका काम अधूरा है। क्रेते के टापू की मण्डलियों को प्रबल और भक्त अगुवों की अत्यावश्यकता थी। इसी प्रकार आज की कलीसियाओं को भी है।

समाप्ति नोट्स

[1]अवसर मिलने पर, तीतुस को व्यक्तिगत् रुप से [झूठे शिक्षकों को] "कड़ाई से चेतावनी" देनी थी (1:13); लेकिन क्रेते द्वीप की कलीसिया को संभालने की मुख्य जिम्मेदारी उन कलीसिया के अगुवों की थी। [2]आमतौर पर पौलुस ने अपनी पहचान मसीह का दास करके की है (रोमियों 1:1; गला. 1:10; फिलि. 1:1); लेकिन चूँकि परमेश्वर और मसीह एक हैं (यूहन्ना 17:21), अपने आपको परमेश्वर का दास कहना एक ही बात है। [3]वाल्टर बाऊर, अ ग्रीक-इंग्लिश लेक्सिकॉन ऑफ द न्यू टेस्टामेन्ट एण्ड अदर अर्ली क्रिश्चियन लिटरेचर, 3र्ड एड, रेव्ह. एण्ड एड. फ्रेडरिक विलियम डैनकर (शिकागो: शिकागो यूनिवर्सिटी प्रेस, 2000), 259-60. [4]विलियम हेन्ड्रिक्सन, *एक्सपोजीशन आफ द पास्टरल एपिस्टल्स*, न्यू टेस्टामेंट कमेंट्री (ग्रैंड रैपिड्स, मिशीगनः बेकर बुक हाऊस, 1965), 340. [5]परमेश्वर के दास का विचार 2 तीमुथियुस 2:24 के संदर्भ में चर्चा की गई है। [6]*अपोसटोलोस* से उसकी पहचान की जाती है, जो भेजा गया है। परमेश्वर ने पौलुस को नियुक्त किया था, कि वह अन्य जातियों को जाकर सुसमाचार प्रचार करे। (देखें प्रेरितों. 9:15; 22:21; रोमियों 11:13; 1 तीमु. 1:1.) [7]यूनानी भाषा में "विश्वास" के साथ निश्चयवाचक उपपद प्रयोग नहीं किया गया है। इसका संदर्भ "विश्वास" की शिक्षा से नहीं, बल्कि परमेश्वर के लोगों के व्यक्तिगत् विश्वास से है। [8]बाऊर, 512. [9]वाल्टर एल. लाइफेल्ड, *1 & 2 तीमोथी, टाइटस*, द NIV अप्लीकेशन कमेंट्री (ग्रैंड रैपिड्स, मिशीगनः जॉडरवैन, 1999), 310. [10]वाक्यांश "सत्य की पहचान" को 1 तीमुथियुस 2:4 में भी प्रयोग किया गया है।

[11]आर्किबॉल्ड थॉमस रॉबर्टसन, *वर्ड पिक्चर्स इन द न्यू टेस्टामेंट*, खण्ड 4, *दि एपिस्टल आफ पॉल* (न्यू यॉर्कः हार्पर एण्ड ब्रदर्स, 1931), 597. [12]विलियम बार्क्ले, *द लेटर्स टू तीमोथी, टाइटस, एण्ड फिलेमोन*, संशोधित संस्करण, द डेली स्टडी बाइबल (फिलाडेलफियाः वेस्टमिंस्टर प्रेस, 1975), 229. [13]"भक्ति" (εὐσέβεια, *यूसेबिय्या),* परमेश्वर के प्रति भय है जिसका प्रगटीकरण पवित्र जीवन जीने के द्वारा होता है (देखें 1 तीमु. 2:2)। [14]बाऊर, 319-20. [15]प्राथमिक रूप से यह सत्य है कि परमेश्वर कुछ भी कर सकता है (मत्ती 19:26); लेकिन, अधिकांश स्वच्छंद वक्तव्य के समान, कुछ योग्यता की आवश्यकता हैः परमेश्वर अपने सनातन उद्देश्य के विपरीत या जो उसके गुण के विपरीत है, कुछ भी कर सकता है। परमेश्वर झूठ इसलिए नहीं बोल सकता है क्योंकि यह उसके गुण के विरूद्ध है। [16]2 तीमुथियुस 1:9 में समरूप यूनानी वाक्यांश का अनुवाद "अनंतकाल से" है। [17]यह यूनानी वाक्यांश का अक्षरशः अनुवाद है कि "परमेश्वर जो झूठ नहीं बोल सकता है।" [18]परमेश्वर ने किससे यह प्रतिज्ञा की? परमेश्वरत्व के अन्य सदस्यों से? स्वर्गदूतों से? हमें यह नहीं बताया गया है। [19]हेरल्ड के. मूलटन, संपादक, *दि एनालिटिकल ग्रीक लेक्सीकन संशोधित* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशीगनः जॉडरवैन पब्लिशिंग हाऊस, 1978), 199. [20]बाऊर, 498.

[21]इसका अनुवाद φαίνω (*फाइनो*, "चमकना") किया गया है। [22]बाऊर, 1048; डब्ल्यु. ई. वाइन, मेरिल एफ. अंगर, एण्ड विलियम व्हाइट, जूनियर, *वाइन्स कम्पलीट एक्सपोजीटरी डिक्शनरी आफ ओल्ड एण्ड न्यू टेस्टामेंट वर्ड्स* (नैशवलः थॉमस नेल्सन पब्लिशर्स, 1985), 31-32. NIV में "brought . . . to light" अनुवाद किया गया है। [23]देखें गलातियों 4:4; 1 तीमुथियुस 2:6; 6:15. [24]वाइन, अंगर, और व्हाइट, 405, 482. [25]यूनानी पाठ में "मुझे" पर बड़ा जोर दिया गया है। [26]वाक्यांश "हमारे उद्धारकर्ता परमेश्वर," 1 तीमुथियुस 2:3 में भी पाया जाता है। [27]पौलुस तीमुथियुस को "विश्वास में मेरा सच्चा पुत्र है" कहा है 1 तीमुथियुस 1:2। [28]बाऊर,

551; वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 113. [29]पहला तीमुथियुस 1:2 की अभिवादन से तुलना करें। [30]हेन्ड्रिक्सन, 343.

[31]यह संयुक्त शब्द ἐπί (*एपि*, "पर") और διά (*डिया*, "द्वारा," यहाँ क्रिया को तीव्रता देने के लिए प्रयोग किया गया है) और ὀρθός, *ओर्थोस* ("सीधा") से मिलकर बना है। (वाइन, अंगर, और व्हाइट, 450.) एक अन्य यूनानी शब्द जिसमें *ओर्थोस* (*ओर्थोमेओ*, "उचित तरीके से प्रयोग करना") समायोजित है, वह 2 तीमुथियुस 2:15 में पाया जाता है। [32]आजकल हम *ओर्थोस* उस व्यक्ति के लिए प्रयोग करते हैं जो दांतों को सीधा करताहैः दंत संशोधक। [33]बाऊर, 590. [34]वाइन, अंगर, और व्हाइट, 33, 450. [35]बाऊर, 492. [36]नियुक्ति संस्कार के बारे में हमको कोई विवरण नहीं दिया गया है, इसमें प्रार्थना करने और हाथ रखने के अलावा और कुछ नहीं कहा गया है (देखें प्रेरितों. 6:3, 5; 1 तीमु. 5:22)। [37]रॉबर्टसन, 598. [38]इस नेतृत्व की भूमिका का तीसरा शब्द "चरवाहा" है (देखें प्रेरितों. 20:17, 28; 1 पतरस 5:1, 2)। प्राचीनों पर अधिक जानकारी के लिए 1 तीमुथियुस 3:1-3 की टिप्पणी देखें। [39]देखें प्रेरितों. 14:23; 20:17, 28; फिलि. 1:1; 1 थिस्स. 5:12. [40]जॉन आर. डब्ल्यु. स्टॉट, *गार्ड द ट्रूथः द मेसेज आफ 1 तीमोथी एण्ड टाइटस*, द बाइबल स्पीक्स टूडे (डॉनर्स ग्रूव, इलिनोय: इंटरवार्सिटी प्रेस, 1996), 174.

[41]होमेर *इलियाड* 2.649. एक अन्य लेख में होमेर ने नगरों की संख्या नब्बे बताया है। (होमेर *ओडिसी* 19.172-74.) [42]कालांतर में उसने अपने पत्री में, पौलुस ने तीतुस को एक नया कार्यभार दिया और क्रेते में उसके स्थान पर दूसरे लोगों की नियुक्ति के बारे में कहा (देखें 3:12)। [43]इन दोनों सूची में बहुत सूक्ष्म अंतर है, तीतुस की सूची "अधिक व्यवस्थित" है, यह पहले नकारात्मक गुणों की सूची फिर सकारात्मक गुणों की सूची जारी करता है। [44]मूल पाठ में "पुरूष" के लिए कोई शब्द नहीं है, लेकिन इस आयत की अगली भाग में वर्णित "एक ही पत्नी के पति" योग्यता स्पष्ट करता है कि पौलुस के मन में पुरूष ही रहे होंगे। [45]वाइन, अंगर, और व्हाइट, 68. [46]बाऊर, 76. [47]डॉन डीवेल्ट, *लेटर्स टू तीमोथी एण्ड टाइटस*, बाइबल स्टडी टेक्स्ट बुक (जॉप्लीन, मिसूरीः कॉलेज प्रेस, 1961), 145. [48]"Children" ("बच्चे") अंग्रेजी एंव यूनानी दोनों में बहुवचन है। प्रश्न यह है कि क्या एक प्रचीन के बहुत बच्चे होने चाहिए, का विश्लेषण 1 तीमुथियुस 3:4 के संदर्भ में किया गया है। [49]वाइन, अंगर, और व्हाइट, 61. [50]बाऊर, 821.

[51]वाइन, अंगर, और व्हाइट, 61; बाऊर, 820. KJV; NKJV की तुलना करें। (देखकें 1 तीमु. 1:12, 15; 3:1, 11; 4:9; 2 तीमु. 2:2, 11, 13; तीतुस 3:8.) [52]यह शब्द σῴζω (*सोत्जो*, "उद्धार करना, सुरक्षित रखना") से लिया गया है जिसे α (*अ*) लगाकर नकारात्मक बना दिया गया है। [53]बाऊर, 148. [54]उपरोक्त, 91. [55]संभवतः क्रेते की अभक्ति संस्कृति के कारण तीतुस की पत्री में मजबूत शब्दों का प्रयोग किया गया है। [56]स्टॉट, 176. [57]ब्रूस बी. बार्टन, डेविड आर. वीरमैन, और नील विलसन, *1 तीमोथी, 2 तीमोथी, टाइटस*, लाइफ इम्पलीकेशन बाइबल कमेंट्री (व्हीटन, इलिनोय: टींडेल हाऊस पब्लिशर्स, 1993), 256. [58]कुछ लोग "अध्यक्ष" *(एपिसकोपस)* का अनुवाद "बिशप" करते हैं (देखें KJV; NKJV)। (देखें 1 तीमुथियुस 3:1, 2.) [59]हेन्ड्रिक्सन, 346. [60]NIV के अनुवादकों ने *गार* का अनुवाद नहीं किया है।

[61]वाइन, अंगर, और व्हाइट, 559. [62]उपरोक्त, 26-27; बाऊर, 721. [63]बाऊर, 29. यह शब्दावली 1 तीमुथियुस 3:8 में डीकनों की योग्यता के लिए पाया जाता है। इससे मिलता-जुलता शब्द (ἀφιλάργυρος, *अफीलारगूरोस)* 1 तीमुथियुस 3:3 में प्राचीनों की योग्यता में सूचीबद्ध किया गया है। [64]हग पर्सी जोन्स, संपादक, *डिक्शनरी आफ फोरेन फ्रेजेज एण्ड क्लासिकल कोटेशंस* (एडीनबर्गः जॉन ग्रांट, 1908), 2. [65]देखें 1 तीमुथियुस 3:2. [66]यह φιλέω (*फिलियो*, "प्रेम") और ἀγαθός (*अगाथोस*, "अच्छा") के संयोजन से बना है। [67]बाऊर, 1055. [68]गॉर्डन डी. फी, *1 एण्ड 2 तीमोथी, टाइटस*, ए गुड न्यूज कमेंट्री (सैन फ्रांसिस्कोः हार्पर एण्ड रो, 1984), 128. [69]बाऊर, 246. [70]उपरोक्त, 728. 1 तीमुथियुस 2:8 में "हर जगह पुरुष" को "पवित्र हाथों" को उठाने के लिए निर्देश दिया गया है।

[71]उपरोक्त, 274. [72]उपरोक्त, 87. [73]यह शब्द 1:6 में प्रयोग किए गए प्राचीनों के बच्चे जो "विश्वास" करते हैं, से संबंधित है। [74]बाऊर, 240-41. [75]उपरोक्त, 764-65. पहला तीमुथियुस 5:1 में *पाराकालेओ* को निवेदन करने के लिए प्रयोग किया गया है। [76]पहला तीमुथियुस 5:20 में इससे संबंधित क्रिया का अनुवाद "डांटना" और तीतुस 2:15 में "तुच्छ न जानना" किया गया है। [77]बाऊर, 315. [78]देखें गला. 6:1; 2 तीमु. 2:24-26; याकूब 5:19, 20. [79]वाइन, अंगर, और व्हाइट, 618. [80]बाऊर, 621. पहला तीमुथियुस 1:6 में इससे संबंधित शब्द का अनुवाद "फलरहित बातें" किया गया है।

[81]वाइन, अंगर, और व्हाइट, 151. इस शब्द का एक और रूप 1 तीमुथियुस 2:14 में भी पाया जाता है (ἐξαπατάω, *एक्सापाटाओ)।* [82]फाइलो ने घोषित किया, "यह भूभाग न केवल यहूदी उपनिवेश से भरा था, बल्कि सभी प्रसिद्ध द्वीप भी ऐसे ही थे; जैसे यूबिया, और कुप्रूस, और क्रेते" (फाइलो *एम्बासी आफ गायस* 36 [282])। प्रेरितों. 2:11 से हमें इस बात का संकेत मिलता है कि क्रेते से यहूदी लोग पेंतेकुस्त का पर्व मनाने के लिए यरूशलेम आए थे। [83]जो यह सिखाते हैं कि तीमुथियुस और तीतुस की पत्नी रहस्यवाद का सामना करने के लिए द्वितीय सदी में लिखा गया था वे क्रेते में इस शिक्षा का यहूदी स्वरूप होने के कारण इस विचार धारा से संघर्ष करते हैं, क्योंकि द्वितीय सदी के मुख्य रहस्यवाद अगुआ यहूदी विरोधी था। (जे. डब्ल्यु. रॉबर्ट्स, *टाइटस, फिलेमोन एण्ड जेम्स*, द लिविंग वर्ड [आस्टिन, टेक्ससः आर. बी. स्वीट कम्पनी, 1963], 11.) [84]हेन्ड्रिक्सन, 351; बाऊर, 382. [85]REB में 1:11 में "मुँह बाँधा जाए" आया है। [86]साथ ही, जो कोई ढिठाई से सत्य का तिरस्कार करता रहता उससे संगति हटा लेने की भी आवश्यकता होती (देखें 3:10, 11)। [87]"उलट पलट" (ἀνατρέπω, *अनाट्रेपो)* का अर्थ है "पलट देना" या अपनी भलाई को "उलट देना" (देखें 2 तीमु. 2:18)। [88]बाऊर, 29. KJV में "मलिनतापूर्ण" आया है। [89]पौलीबियस *हिस्टरीज़* 6.46.3. [90]प्रचारक को पारिश्रमिक देना पवित्रशास्त्र के अनुसार है (1 कुरि. 9:6-11), परन्तु उसे केवल पैसे *के लिए* ही प्रचार नहीं करना चाहिए। (1 तीमु. 5:17, 18 पर टिप्पणी देखें।)

[91]डेवेल्ट, 151. [92]यदि "मूढ़ने" को क्रिया के रूप में प्रयोग किया जाए, तो इसका अर्थ "धोखा देना" होता है। "झुण्ड को मूढ़ना" से अभिप्राय कलीसिया के सदस्यों से धोखे से पैसा या संपत्ति ले लेने के लिए हो सकता है। [93]इस उद्धरण को कुछ आरंभिक मसीही लेखकों, जैसे कि सिकंदरिया के क्लेमेंट द्वारा क्रेते के एपिमेंनिदेस द्वारा कहा गया है (*स्ट्रोमाटा* 1.14)। यद्यपि एपिमेंनिदेस की कृति *क्रेटिका* अब अस्तित्व में नहीं है, परन्तु संबंधित पंक्तियाँ नौवीं शताब्दी की प्रेरितों पर अरामी व्याख्या में सुरक्षित हैं। [94]बारक्ले, 242. [95]प्लूटार्क *ऐमीलियस पौलुस* 23.6; *लाएसैंडर* 20.2; पौलिबियस *हिस्ट्रीज़* 8.19.5. [96]कैलीमैकुस *हिम टू ज़्यूस* 8-9. [97]बाऊर, 501. [98] पूर्वोक्त, 456. [99]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाईट, 269, 316-17. [100]बाऊर, 315. यह वही शब्द है जिसे 1 तीमुथियुस 5:20 में "सब के सामने समझा दे" किया गया है।

[101]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाईट, 568; बाऊर, 124. [102]"ठीक" होना "स्वास्थ्य" होना है। "विश्वास" यीशु, जो नए नियम का विषय है, के संबंध में समस्त शिक्षाओं के लिए है। (देखें 1 तीमुथियुस 3:9.) [103]"भटक जाते हैं" ἀποστρέφω *(अपोसट्रेफ़ो)* से है; "सत्य से भटक जाना" बचाए गए से खोए हुए हो जाना है (देखें 2 तीमु. 4:4)। [104]देखें यूहन्ना 14:6; 17:17; 1 तीमु. 2:4; 2 तीमु. 2:15. [105]"शुद्ध" καθαρός *(कथ्रोस)* से है, जो "स्वच्छ" और "शुद्ध" का संकेत करता है। "मलिनता से मुक्त" के अर्थ के अतिरिक्त, इसका तात्पर्य होता है "बिना किसी मिलावट के" (बाऊर, 489)। *कथ्रोस* "कैथारसिस" ("साफ़ किया जाना") शब्द का स्रोत है। [106]देखें 1 तीमु. 4:3-5. [107]इससे संबंधित संज्ञा, विश्वासी के लिए शब्द का नकारात्मक रूप 1 तीमुथियुस 5:8 में आता है। [108]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाईट, 155; बाऊर, 650. [109]बाऊर, 680; वाइन, अंगर, एण्ड व्हाईट, 408. [110]एक "अच्छे विवेक" का उल्लेख 1 तीमुथियुस 1:5 में हुआ है।

[111]पौलुस ने 1 तीमुथियुस 6:12 में "अच्छे अंगीकार" के विषय कहा है। [112]बाऊर, 172. [113]आने वाले "कठिन दिनों" की विशिष्टता को दिखाने वाले लोगों की सूची में वे भी हैं जो माता-पिता के "अनाज्ञाकारी" हैं (देखें 2 तीमु. 3:2)। [114]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाईट, 526-27; बाऊर,

21. *अडोकिमोस* का 2 तीमुथियुस 3:8 में अनुवाद, "तिरस्कृत" किया गया है। [115]बारक्ले, 246. [116]विन्स्टन बोल्ट, शिष्यता पर सन्देश जो ईस्टसाईड चर्च ऑफ क्राइस्ट, मिडवेस्ट सिटी, ओक्लोहोमा, में अक्तूबर 12, 2014 को प्रचार किया गया। बोल्ट इंडोनेशिया में मिशनरी हैं।